पाठ्यक्रम (2020-21)
विषय : संस्कृत
कक्षा : बारहवीं
प्रश्न- पत्र की रूपरेखा(संशोधित)

समय : 3 घण्टे **कुल अंक : (लिखित=75+5 सुन्दर लिखाई) =80**

आन्तरिक मूल्यांकन = 20

नोट- (i) 05 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं ।
(ii) प्रश्न पत्र में दो भाग (क ,ख) होंगे ।
(iii) प्रश्नपत्र में कुल 13 प्रश्न होंगे।
(iV) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।

भाग क
अति लघूत्तर प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट-इस भाग में मिलान से संबंधित अथवा हाँ/नहीं अथवा सही/गलत अथवा बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले, किसी भी प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

1 पाठ्यक्रम में दिए गए व्यावहारिक संस्कृत शब्दों से संबंधित सात प्रश्न पूछे जाएं । जिनमें से पाँच शब्दों का हिन्दी में उत्तर करने को कहा जाए। 5x1=5

2 पाठ्यक्रम में दिए गए समासों से संबंधित सात समस्त पद दिए जाएं जिनमें से पाँच का उत्तर करने को कहा जाए ।

अथवा

पाठ्यकम में दी गई धातुओं के साथ प्रत्यय लगाने के लिए सात धातुएं तथा प्रत्यय दिए जाएं जिनमें से पाँच करने को कहा जाए । 5x1=5

3 कारक सम्बन्धी अशुद्धि वाले सात वाक्य दिये जायें जिनमें से पाँच वाक्यों को शुद्ध करने को कहा जाये। 5x1=5

4 प्राचीन लेखकों/कवियों के साहित्यिक परिचय से संबंधित सात वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएं जिनमे से पाँच का उत्तर लिखने को कहा जाए। 5x1=5

5 पाठ्यकम में दिए गये शब्द रूपों में से संबंधित आठ शब्दरूपों में प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल छ: शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए । 6x1=6

6 पाठ्यकम में दिए गये धातु रूपों में से संबंधित आठ धातुरूपों में प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल छ:का उत्तर लिखने को कहा जाए । 6x1=6

7 पाठों के अभ्यासों में से संस्कृत में सात लघु प्रश्न दिए जाएं। जिनमें से पाँच का उत्तर संस्कृत में लिखने को कहा जाए। 5x1=5

भाग ख

(पाठ्य पुस्तक)

नोट : प्रश्न आठ तथा नव का उत्तर हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में दिया जा सकता है ।

8 तीन गद्यांश दिए जाएं जिनमें से दो का अनुवाद करने को कहा जाए । 2x4=8

9 तीन पद्य दिए जाएं जिनमें से दो का प्रसंग सहित अर्थ लिखने को कहा जाए।एक अंक प्रसंग का तथा तीन अंक अर्थ के निर्धारित हैं । 2x4=8

10 पाठों के अभ्यासों में से पांच प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं, जिनमें से तीन का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए । 3x2=6

11 यथानिर्दिष्ट परिवर्तन के सात वाक्य दिए जाएं जिनमें से पाँच वाक्यों में परिवर्तन करने को कहा जाए।

अथवा

पाठों के अभ्यासों में से सात संस्कृत शब्द दिए जाएं जिनमें से पाँच शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करने को कहा जाए। 5x1=5

भाग-ग

(व्याकरण भाग)

12 पाठ्यक्रम में दिए भेद रहित अलंकारों से संबंधित चार प्रश्न दिए जाएं जिनमें से दो शब्दालंकार तथा दो अर्थालंकार हों तो उचित है । चार अलंकारों में से केवल दो की परिभाषा तथा उदाहरण लिखने अपेक्षित हो । परिभाषा तथा उदाहरण का एक-एक अंक निश्चित है ।

अथवा

पाठ्यक्रम में निश्चित छंदों से संबंधित चार प्रश्न दिए जाएं जिनमें से दो मात्रिक तथा दो वर्णिक छंद हों तो उचित है । चार छंदों में से केवल दो की परिभाषा तथा उदाहरण लिखने अपेक्षित हो ।परिभाषा तथा उदाहरण का एक-एक अंक निश्चित है । 2x3=6

13 पाठ्यक्रम में निश्चित् तीन निबंध देकर किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में निबंध लिखने को कहा जाए ।

अथवा

10 हिन्दी वाक्य दिए जाएं जिनमें से पाँच वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करने को कहा जाए । 5

निर्धारित पाठ्य पुस्तक : संस्कृत सौरभम्- 12 पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित।